Publication Name: Punjab Kesari

Publication Date: 25/04/2026

Edition: Delhi

Page No: 8

CCM: 85.52

Additional Secretary of the Ministry of Cooperation laid the foundation stone of IPL's new building

सहकारिता मंत्रालय के अपर सचिव ने रखी आईपीएल के नए बिल्डिंग की नींव

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अपर सचिव पंकज कुमार बंसल, जो कि इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) के अध्यक्ष भी हैं, ने आईपीएल के नए कॉरपोरेट ऑफिस बिल्डिंग की आधारशिला रखी। इस अवसर पर आईपीएल के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एस. गहलौत सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रस्तावित नया कार्यालय भवन सेंट्रल दिल्ली के राजेंद्र पार्क स्थित शंकर रोड पर ही निर्माण किया जाएगा। यह बिल्डिंग अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। यह चार मंजिला (4 स्टोरी) भवन होगा, जिसमें स्टिल्ट और बेसमेंट भी शामिल होगा तथा यह 42,000 स्क्वायर फीट के प्लॉट पर विकसित किया जाएगा। निर्माण कार्य पूरा होने की समयसीमा नवंबर-दिसंबर 2027 निर्धारित की गई है। भवन को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर स्पेस यूटिलाइजेशन और भविष्य की विस्तार आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया जाएगा। गौरतलब है कि इंडियन पोटाश लिमिटेड देश की अग्रणी सहकारी कंपनियों में शामिल है, जो उर्वरकों और कृषि-इनपुट के आयात, वितरण और विपणन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्तमान में कंपनी देशभर में 11 चीनी मिलों का संचालन करती है, जिनमें उत्तर प्रदेश में छह, गुजरात में तीन और ओडिशा में दो मिलें शामिल हैं।